बिहार सरकार
खेल विभाग

ज्ञापांक– 4 / खेल 1–23 / 2025 424 / पटना, दिनांक 26.10 / 2026

सेवा में,

महालेखाकार
बिहार, पटना।

विषयः– बिहार के 25 जिलों में निर्मित खेल भवन–सह–व्यायामशाला के CCTV की एकीकृत फीड / कमांड सेंटर खेल विभाग के पटना मुख्यालय में स्थापित करने संबंधी कार्य हेतु कुल राशि ₹67.71 लाख (सरसठ लाख इकहत्तर हजार रूपये) मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

2 राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–03 के अधीन बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, 60–अन्य भवन, 051–निर्माण, 0106–स्टेडियम एवं खेल अवसंरचना, विपत्र कोड–03–4059600510106

मांग संख्या–03 के अधीन बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, 60–अन्य भवन, 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 0101–स्टेडियम एवं खेल अवसंरचना, विपत्र कोड–03–4059607890101 एवं

मांग संख्या–03 के अधीन बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, 60–अन्य भवन, 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, 0104–स्टेडियम एवं खेल अवसंरचना, विपत्र कोड–03–4059607960104 अंतर्गत विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि से होगा।

3 इस आय–व्ययक के नियंत्री पदाधिकारी सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे, जिनके द्वारा आवंटन निर्गत किया जायेगा।

4 राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग के संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन) पटना से की जायेगी ।

5 उक्त निर्माण कार्य का कार्यकारी अभिकरण बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना होगा, जिनके द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन एवं नक्शा के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सम्पन्न कराया जायेगा एवं कार्यान्वयन प्रतिवेदन एवं व्यय विवरणी खेल विभाग, बिहार, पटना को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

6 योजना पूर्ण होने के एक सप्ताह में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के पदाधिकारी इस योजना को खेल विभाग, बिहार, पटना को सौंपना सुनिश्चित करेंगे।

7 उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन वित्तीय नियमावली के अनुसार ससमय खेल विभाग, बिहार, पटना को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा।

8 इस योजना की स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

9 राशि की स्वीकृति में विभागीय स्थायी वित्त समिति की अनुशंसा दिनांक–10.07.2026 को संचिका संख्या–4 / खेल 1–23 / 2025 के पृष्ठ–36 / प० पर प्राप्त है।

10 राशि की स्वीकृति में सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन दिनांक– 12.10.2026 को संचिका संख्या– 4/खेल 1–23/2025 के पृष्ठ–30/ टि० पर प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

23/10/26

(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 424 / पटना, दिनांक 26.10./2026

प्रतिलिपिः– सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 424 / पटना, दिनांक 26.10./2026

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित जिला पदाधिकारी, बिहार को कृपया सूचनार्थ/सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 424 / पटना, दिनांक 26.10./2026

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 424 / पटना, दिनांक 26.10./2026

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी–सह–अवर सचिव/प्र0 पदा0, बजट एवं लेखा प्रशाखा/आई०टी० मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।